राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकारसंबंधी अपील वाद
संख्या–18 (लो0सू0अ0) / 2022–23

श्री रोहित कुमार, RTI Activist ग्राम+पोस्ट+धबही, थाना–लौकही, जिला–मधुबनी

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
24.05.2022	श्री रोहित कुमार, RTI Activist ग्राम+पोस्ट+धबही, थाना–लौकही, जिला–मधुबनी, पिन–847108, बिहार, के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–14.05.2022 इस कार्यालय में दिनांक–23.05.2022 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–56F 804902 दिनांक–06.11.2021 जो प्रथम अपीलीय पदाधिकारी के पक्ष में देय है, संलग्न है। इसे आवश्यक कार्रवाई हेतु लेखा शाखा को भेजे। अपीलकर्त्ता श्री रोहित कुमार ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–04.04.2022 को सूचना अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना को निबंधित डाक से दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराने के फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही उन्होंने उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–04.04.2022 की प्रति भी संलग्न की है। लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय से उपर्युक्त प्रपत्र 'क' दिनांक–04.04.2022 से संबंधित अभिलेख की मॉग करें तथा अभिलेख पुनः सुनवाई हेतु दिनांक–.15.06.2022 को उपस्थापित करें। सभी संबंधित को सूचित करें। 24/5/2022 **विशेष कार्य पदाधिकारी** –सह– **प्रथम अपीलीय प्राधिकार**	

अपील वाद संख्या–18 / 2022–23

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
15.06.2022	लोक सूचना पदाधिकारी से प्रतिवेदन प्राप्त है। प्रतिवेदन के अनुसार लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा अपने पत्रांक–आर॰टी॰आई॰ / विविध–29 / 2022–111 / रा॰स॰(I) दिनांक–29.04.2022 के माध्यम से अपीलार्थी श्री रोहित कुमार, RTI Activist ग्राम+पोस्ट+धबही, थाना–लौकही, जिला–मधुबनी, पिन–847108, बिहार को सूचना भेजी गई है। भेजे गए स्पीड पोस्ट संख्या– EF513097390 IN दिनांक–02.05.2022 की छाया प्रति भी अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित की गई है, जो प्राप्त प्रतिवेदन के साथ संलग्न है। विदित हो कि अपीलार्थी श्री रोहित कुमार ने लोक सूचना पदाधिकारी से निधारित समय सीमा के अंदर सूचना प्राप्त नहीं होने के कारण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष यह अपील दायर किया था। अब जब लोक सूचना पदाधिकार द्वारा सूचना भेज दी गई है, तो इस मामले में अग्रतर कार्रवाई किये जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। सभी संबंधित को सूचित करें। विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार	

अपील वाद संख्या–18 / 2022–23

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
15.06.2022	लोक सूचना पदाधिकारी से प्रतिवेदन प्राप्त है। प्रतिवेदन के अनुसार लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा अपने पत्रांक–आर०टी०आई० / विविध–29 / 2022–111 / रा०स०(।) दिनांक–29.04.2022 के माध्यम से अपीलार्थी श्री रोहित कुमार, RTI Activist ग्राम+पोस्ट+धबही, थाना–लौकही, जिला–मधुबनी, पिन–847108, बिहार को सूचना भेजी गई है। भेजे गए स्पीड पोस्ट संख्या– EF513097390 IN दिनांक–02.05.2022 की छाया प्रति भी अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित की गई है, जो प्राप्त प्रतिवेदन के साथ संलग्न है। विदित हो कि अपीलार्थी श्री रोहित कुमार ने लोक सूचना पदाधिकारी से निधारित समय सीमा के अंदर सूचना प्राप्त नहीं होने के कारण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष यह अपील दायर किया था। अब जब लोक सूचना पदाधिकार द्वारा सूचना भेज दी गई है, तो इस मामले में अग्रतर कार्रवाई किये जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। सभी संबंधित को सूचित करें। 15/6/2022 विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार	

ज्ञापांक– 748/रा०स०(iii) दिनांक–17-06-2022

प्रतिलिपिः– लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना / श्री रोहित कुमार, RTI Activist ग्राम+पोस्ट+धबही, थाना–लौकही, जिला–मधुबनी, पिन–847108, बिहार को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/6/2022

विशेष कार्य पदाधिकारी

o/c